टीआरई 4 की भर्ती के लिए विभागीय तैयारी शुरू, परीक्षा सितंबर में : मंत्री

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा, टीआरई 4 के भर्ती के लिए विभागीय तैयारी शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही उसके लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी के साथ बैठक की गई हैं। इस दौरान टीआरई 4 के लिए किए जाने वाले कार्य की समीक्षा भी की गई हैं। बीपीएससी द्वारा 20 अप्रैल तक ही विज्ञापन जारी करने की योजना थी, लेकिन, जिलावार रिक्तियों का रोस्टर अपडेट होने से निर्धारित तिथि को विज्ञापन जारी नहीं हुआ। हालांकि मौजूदा समय 46,882 पदों पर भर्ती की योजना हैं। 22 से 27 सितंबर तक परीक्षा होगी। इस बार फॉर्म भरते समय ही अभ्यर्थियों को 38 जिलों का विकल्प देना अनिवार्य होगा।